# प्रेस विज्ञप्ति

**प्रदेश की नई खेल प्रतिभाओं की होगी पहचान, कल से शुरू होंगे एथलेटिक्स चयन ट्रायल्स**

**टी.टी. नगर स्टेडियम में तीन दिन तक होगी प्रतिभाओं की तलाश**

**प्रदेशभर के युवा धावकों और एथलीटों को मिलेगा सुनहरा अवसर**

**अब तक विभिन्न्य खेलों के सफल ट्रायल्स से मिली सैकड़ों प्रतिभाएं**

**भोपाल। 19 जुलाई 2026**

मध्यप्रदेश के उभरते एथलीटों के लिए सोमवार से अपनी प्रतिभा साबित करने का महत्वपूर्ण अवसर शुरू होने जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित 'टैलेंट सर्च 2026-27' अभियान के अंतर्गत एथलेटिक्स (बालक/बालिका) के चयन ट्रायल्स 20 से 22 जुलाई 2026 तक टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रायल्स के माध्यम से प्रदेशभर की प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें विभाग की खेल योजनाओं एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा।

**प्रतिभा को मिलेगा सही मंच, प्रशिक्षण और नई पहचान**

टैलेंट सर्च 2026-27 केवल चयन प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के खेल भविष्य को नई दिशा देने का महाअभियान है। अभियान का उद्देश्य ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज करना है, जिनमें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की क्षमता हो। चयनित खिलाड़ियों को विभाग द्वारा संचालित खेल अकादमियों एवं प्रशिक्षण योजनाओं के माध्यम से विशेषज्ञ कोचों का मार्गदर्शन, आधुनिक खेल सुविधाएं तथा वैज्ञानिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

**तीन दिन तक चलेगी चयन प्रक्रिया**

एथलेटिक्स चयन ट्रायल्स 20, 21 एवं 22 जुलाई को आयोजित होंगे। ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा का मूल्यांकन निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाएगा, ताकि योग्य

खिलाड़ियों को आगे की प्रशिक्षण प्रक्रिया से जोड़ा जा सके। विभाग ने सभी पात्र खिलाड़ियों से समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

**प्रदेशभर में लगातार चल रहे चयन ट्रायल्स**

टैलेंट सर्च 2026-27 के अंतर्गत प्रदेशभर में विभिन्न खेलों के चयन ट्रायल्स चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक जूडो, कुश्ती, बॉक्सिंग, फैंसिंग, शूटिंग, स्लैलम, कयाकिंग-केनोइंग, घुड़सवारी, टेनिस एवं बैडमिंटन सहित अनेक खेलों के चयन ट्रायल्स सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन ट्रायल्स के माध्यम से चयनित प्रतिभाओं को विभाग की खेल अकादमियों एवं प्रशिक्षण योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में अब 20 से 22 जुलाई तक टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में आयोजित होने वाले एथलेटिक्स चयन ट्रायल्स प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होंगे।

**प्रदेशभर से मिल रहा उत्साहपूर्ण प्रतिसाद**

टैलेंट सर्च 2026-27 के अंतर्गत अब तक विभिन्न खेलों के चयन ट्रायल्स में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। लगातार मिल रही सकारात्मक सहभागिता यह दर्शाती है कि मध्यप्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति बढ़ता उत्साह नई खेल प्रतिभाओं को सामने ला रहा है। एथलेटिक्स ट्रायल्स से भी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की सहभागिता की उम्मीद है।

**खिलाड़ियों से सहभागिता की अपील**

खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने एथलेटिक्स में रुचि रखने वाले सभी पात्र बालक एवं बालिका खिलाड़ियों से अपील की है कि वे 20 से 22 जुलाई तक आयोजित चयन ट्रायल्स में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। टैलेंट सर्च 2026-27 प्रदेश के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण, बेहतर अवसर और खेलों में उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
डॉ.मोहन यादव
मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश
विश्वास कैलाश सारंग
मंत्री,सहकारिता,
खेल एवं युवा कल्याण विभाग,मध्यप्रदेश
सिलेक्शन ट्रायल्स
टैलेंट सर्च
2026-2027
खेल प्रतिभाओ की पहचान का महाअभियान
ATHLETICS
एथलेटिक्स (बालक/बालिका)
दिनांक
20-22 जुलाई 2026
स्थान
टी.टी नगर स्टेडियम
भोपाल
अभी पंजीयन करें
पंजीकरण के लिए कृपया दिए हुए QR कोड को स्कैन करें
Register करें:
talentsearch.dsywmp.gov.in
अपनी प्रतिभा दिखाएं, खेल का भविष्य बनाएं



